Ph: +91-124-4518900 **Fax No.:** +91-124-4518912
Website: www.sandhargroup.com; **Email:** investors@sandhar.in

30th ANNUAL GENERAL MEETING OF SANDHAR TECHNOLOGIES LIMITED TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING / OTHER AUDIO VISUAL MEANS

1. Notice is hereby given that the 30th Annual General Meeting ("AGM") of Sandhar Technologies Limited (the "Company") is scheduled to be held on Thursday, the 22nd September, 2022 at 11:30 A.M. through Video Conferencing("VC")/Other Audio Visual Means("OAVM"), in compliance with General Circular Nos. 14/2020 dated the 08th April, 2020, 17/2020 dated the 13th April, 2020, 20/2020 dated the 05th May, 2020, 02/2021 dated the 13th January, 2021 and 02/2022 dated the 05th May, 2022 (collectively referred to as "MCA Circulars") and applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("the Act") and the rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations"), to transact the Ordinary and Special Business as set out in the AGM Notice.
2. In Compliance with the above MCA Circulars, the electronic copies of the AGM Notice along with the Annual Report for Financial Year 2021-2022 will be sent to all the members, whose email addresses are registered / available with the Company/ Depository Participants.
3. Members who have not registered their email addresses are requested to register their email addresses and mobile numbers with their respective Depositories through their Depository Participants.
4. The Notice of the AGM and the Annual Report will be available on the Company's website: **www.sandhargroup.com** and also on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com** and on the website of Registrar at **www.instavote.linkintime.co.in**.
5. Members will have the opportunity to cast their vote electronically on the business as set out in the AGM Notice through remote e-voting or e-voting to be conducted at the AGM. For the Members whose email addresses are registered with the Company/ Depositories, login details for e-voting and attending AGM would be sent to their registered email addresses. Members whose credentials are not registered with the Company/ Depositories, the detailed procedure for voting and attending AGM will be provided in AGM Notice which will also be available on Company's website **www.sandhargroup.com**. The Members are requested to visit the Company's website.
6. For Individual Members holding shares in electronic form with Depositories viz. NSDL and CDSL should login through the sites of NSDL and CDSL to cast the votes during the remote e-voting period. However, for VC / OAVM meeting all the Members should login at **https://instameet.linkintime.co.in** to participate in the meeting and also to cast vote in case they have not voted during the remote e-voting period.
7. The Board has recommended a final dividend of Rs. 2.25/- per equity share of Rs. 10/- each fully paid up for the year ended 31st March, 2022.
8. The Notice of the 30th AGM will be sent, shortly, to the members in accordance with the applicable laws on their registered email addresses.

By order of the Board of Directors
For **Sandhar Technologies Limited**

Sd/-
Komal Malik
Company Secretary &
Compliance Officer

Date: 17th August, 2022
Place: Gurugram

इनसिल्को लिमिटेड

(25–06–2021 की प्रभावी तिथि से स्वैच्छिक परिसमापनाधीन)
सीआईएन : L34102UP1988PLC010141
पंजी. कार्यालय : ए-5, यूपीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, भारतीयग्राम, गजरौला, जिला– अमरोहा, यू.पी. – 244223
फोन : 09837923893, फैक्स : (05924) 252348, **ईमेल आईडी :** insilco2@gmail.com, **वेबसाइट :** www.insilcoindia.com

34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) हेतु सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

कम्पनी की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021 तथा 02/2022 क्रमानुसार दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021 तथा 5 मई, 2022 **("एमसीए सर्कुलर्स")** और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021 तथा 13 मई, 2022 **("सेबी सर्कुलर्स")** के अनुपालन में **बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 को अप. 02.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी,** जिसमें एजीएम के आयोजन की सूचना में सूचीबद्ध कार्य निष्पादित किए जाएंगे।

1. एमसीए तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, सूचना, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेजों सहित, केवल ई–मेल द्वारा कम्पनी के उन सदस्यों को, इलेक्ट्रॉनिक विधि से, भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट के पास पंजीबद्ध है और जिनकी ई–मेल कम्पनी अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स **("डिपॉजिटरी")** के पास पंजीबद्ध है। कम्पनी अपने सदस्

सहारनपुर-शामली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले, जनता पोर्टल पर सीधे शिकायत दर्ज करा सकती है

लाउडस्पीकर फिर लगे तो प्रशासन जिम्मेदार

सख्ती

सहारनपुर/शामली, हिटी। विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार सहारनपुर और शामली दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि अफसर सुनवाई नहीं कर रहे हैं तो सीधे मुझसे शिकायत करें, मगर लापरवाही के सबूत भी होने चाहिए। यदि जनता की भी अफसर नहीं सुनते हैं तो वह भी मुझे सीधे पोर्टल पर शिकायत कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मस्थलों से उतारे गए लाउड स्पीकर दोबारा लगे तो पुलिस-प्रशासन के अफसर जिम्मेदार होंगे। जो चीनी मिलें बकाया नहीं दे रही हैं, उन्हें नोटिस देकर सख्त कार्रवाई की जाए।

हिंडन नदी को साफ किया जाए : सीएम ने कहा कि मंडल से होकर हिंडन नदी गुजरती है। हिंडन नदी को साफ-सुथरा रखने के लिए अभियान तेज किए जाएं। हिंडन को हरा-भरा करने में जो भी अवरोध हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए।

धीमे निर्माण कार्य पर नाराजगी: मुख्यमंत्री ने 240 करोड़ की लागत से बन रहे सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया और धीमे निमार्ण पर नाराजगी जताई। इसके अलावा, बेहट क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉलेज, मुजफ्फरनगर में अटल आवासी योजना और शामली में पीएसी बटालियन के निमार्ण में देरी पर भी गुस्सा जताया। उन्होंने कमिश्नर डा. लोकेश एम. से कहा कि सप्ताहभर में रिपोर्ट दें। जो दोषी हो, उस पर कार्रवाई करें।

मंडल में पर्यटन की संभावनाएं : मुख्यमंत्री ने विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि मंडल में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। लेकिन इसके लिए निवेश की जरूरत है। निवेश के लिए प्रशासन और शासन स्तर से प्रयास कर किए जाएं।

शामली में विद्युत केंद्र का उद्घाटन: सहारनपुर के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से शामली के मदरलैंड पब्लिक स्कूल परिसर में उतरे। यहां से कार द्वारा बंतीखेड़ा पहुंचे और 400 केवी विद्युत केन्द्र का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि करीब 738 करोड़ की लागत से 400 केवी विद्युत केन्द्र का निर्माण वर्ष 2019 में शुरू हुआ था।

10 बजे के करीब सहारनपुर पहुंचे थे सीएम योगी

04 सौ केवी विद्युत केन्द्र का शामली में उद्घाटन

सहारनपुर और शामली दौरे के दौरान बुधवार को बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी आज कम्हरिया घाट पुल का करेंगे लोकार्पण

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सरयू नदी पर निर्माणाधीन बहुप्रतिक्षित कम्हरिया घाट पुल का गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ लोकार्पण करेंगे। इससे गोरखपुर और अंबेडकर नगर के करीब 500 गांवों के लोगों को तो फायदा होगा ही, गोरखपुर से प्रयागराज की दूरी भी 80 किलोमीटर कम हो जाएगी। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बने 1412 मीटर लंबे पुल में 46 पिलर लगे हुए हैं। गुरुवार को लोकार्पण के बाद से ही गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।

कम्हरियाघाट पुल के निर्माण से इलाहाबाद की दूरी करीब 80 किमी तक कम हो जाएगी। रोडवेस बसें भी इस रुट से जा सकेंगी। साथ ही निजी वाहनों से जाने वालों की यात्रा भी दो घंटे कम हो जाएगी। अंबेडकरनगर के रहने वालों को भी पुल से काफी राहत हो जाएगी। पुल बन जाने से जहां अंबेडकरनगर, आजमगढ़, जौनपुर, अयोध्या, संतकबीरनगर, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ आदि जिलों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी का नया विकल्प मिल गया है।

सीएम के काफिले के साथ में चल रही गाड़ियां भिड़ीं

सीएम योगी आदित्यनाथ के काफिले के साथ चल रही भाजपा नेताओं की गाड़ी आपस में भिड़ गईं। एक गाड़ी के अचानक ब्रेक लगने से उसके पीछे आ रही दो अन्य गाड़ियों ने एक-दूसरे को पीछे से टक्कर मार दी। हालांकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

पुलिस लाइन में भाजपा नेताओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम योगी आदित्यनाथ यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उधर से लौटते समय उनका काफिला जैसे ही जनता रोड से गुजरा तो काफिले के साथ चल रही एक इनोवा गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उसके पीछे आ रही दूसरी गाड़ी ने टक्कर मार दी यही नहीं उनके पीछे आ रही एक फॉर्च्यूनर कार भी टकरा गई। काफिले में गाड़ियों के भिड़ने की सूचना के बाद खलबली मच गई।

अग्निवीर की तर्ज पर बैंकों में बहाली

लखनऊ, विसं। सेना में अग्निवीरों की तर्ज पर अब बैंकों में भी कर्मचारियों की बहाली होगी। यह कर्मचारी कॉन्ट्रेक्ट पर रखे जाएंगे। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक अपना खर्च कम करने के लिए मानव संसाधन संबंधित मुद्दों के लिए एक अलग कंपनी शुरू करने जा रहा है। स्टेट बैंक की ऑपरेशन और सपोर्ट सब्सिडियरी को हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। शुरुआत में यह कंपनी ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक शाखाओं में कर्मचारियों का प्रबंधन करेगी। एसबीआई के बाद अब अन्य बैंक भी इस दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों की माने तो यह कदम उठाकर बैंक अपना कॉस्ट-टू-इनकम रेश्यो कम करना चाहता है।

मेधावी छात्र सम्मान समारोह सितंबर में

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जल्द ही मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। मेधावियों के लिए टैबलेट खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लगभग 1550 टैबलेट खरीदे जाएंगे। राज्य सरकार सभी बोर्डों के मेधावियों को सम्मानित करती है। सितम्बर के आखिरी हफ्ते तक सम्मान समारोह आयोजित करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह की शुरुआत की है।

प्रदेश 30s

जन्माष्टमी अवकाश अब 19 अगस्त को

लखनऊ। शासन ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार पर 19 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पहले यह अवकाश 18 अगस्त को घोषित था। हिन्दू पंचांग के अनुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार 19 अगस्त को मनाए जाने की सूचना के आधार पर शासन ने यह बदलाव किया है।

जेलों में अधिक बंदी, एनएचआरसी में केस दर्ज

रामपुर। जिला जेल हो या फिर केंद्रीय कारागार, कमोवेश सभी में क्षमता से अधिक बंदी और कैदी हैं, जिससे उन्हें बैरकों में सामान्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाती हैं और उन्हें अमानवीय जीवन जीना पड़ रहा है। रामपुर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट दानिश खान ने यह मुद्दा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के समक्ष उठाया। उनकी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एनएचआरसी ने केस दर्ज कर लिया है।

छेड़छाड़ के आरोपी ने फंदे पर लटक कर दी जान

बरखेड़ा(पीलीभीत)। छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी युवक ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम परेवा अनूप निवासी रामनिवास 25 वर्ष पुत्र छोटेलाल ने बुधवार सुबह अपने घर परे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

हाजी याकूब को कोर्ट से मिली राहत

मेरठ। बसपा नेता व पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इस मामले में एसीजेएम कोर्ट-5 ने अल फहीम मीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए खाद्य विभाग द्वारा अधिग्रहित प्रोसेस मीट के दोबारा से सैंपलिंग कराने का सशर्त आदेश दिया है। अधिवक्ता अनिल बख्शी ने बताया कि कम्पनी को सुपुर्दगी में देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था।

स्टेशन अधीक्षक पर छेड़छाड़ का केस

अलीगढ़। अलीगढ़ स्टेशन अधीक्षक पर महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के आरोप में जीआरपी अलीगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया है। जीआरपी ने 19 दिन बाद सीएम पोर्टल और महाप्रबंधक प्रयागराज रेलवे को शिकायत करने के बाद मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि एसएस डीके गौतम ने अपने केबिन में बुलाकर महिला कर्मचारी से अश्लील हरकत की।

पैथोलॉजी के कलेक्शन सेंटर में युवती से रेप

बदायूं। शहर में देश की नामी पैथोलॉजी के कलेक्शन सेंटर पर युवती के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया गया। रेप किसी और ने नहीं बल्कि यहां के कलेक्शन एजेंट ने दिया। मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। युवती मूलत: बरेली जिले की रहने वाली है उसके पिता शहर में एक दुकान पर नौकरी करते हैं।

दहेज हत्या के आरोपी ने जेल में जान दी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिला जेल में बुधवार दोपहर दहेज हत्या के आरोपी मिर्जापुर के ढाई गांव निवासी शैलेश कुमार गुप्ता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी उम्र 32 साल थी। सदर बाजार थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बंदी दहेज हत्या के मामले में इसी साल 21 अप्रैल से बंद था।

रामपुर पुलिस का बदायूं में छापा, नहीं मिली किशोरी

बदायूं। रामपुर जिले से नाबालिग किशोरी को भगाकर बदायूं पहुंचे युवकों की तलाश में वहां की पुलिस ने यहां दबिश दी। किशोरी पुलिस के हाथ नहीं लगी लेकिन पुलिस ने टेंपो स्वामी और उसके चालक को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है।

संभल में बिजली चेकिंग के दौरान मारपीट

संभल। हयातनगर थानाक्षेत्र में बिजली केबिल चेकिंग के समय बिजली विभाग की टीम से लोगों ने गाली गलौज की। मारपीट और धक्कामुक्की करते हुए सरकारी कागजात फाड़ दिए। एसडीओ तृतीय और जेई के साथ भी धक्कामुक्की और नोकझोंक की गई।

कुर्की के लिए अतीक का पुराना केस बनेगा हथियार

प्रयागराजा। पूर्व सांसद अतीक अहमद के खिलाफ प्रयागराज पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। अतीक की 24 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने के बाद नई संपत्तियों की खोजबीन जारी है। पुलिस को अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से कौशाम्बी में करोड़ों की जमीन का पता चला है।

31 साल बाद चार शिक्षकों ने जीती वेतन की लड़ाई

प्रयागराज। मैनपुरी के सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूल के चार शिक्षकों ने 31 साल बाद वेतन की लड़ाई जीत ली। हालांकि तीन दशक से अधिक समय तक चली लड़ाई के दौरान चारों शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए। इस मामले में हाईकोर्ट ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर पांच लाख रुपये का हर्जाना लगाते हुए उक्त राशि पीड़ित चारों शिक्षकों में बांटने के आदेश दिए हैं।

प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने काट दिया बेटी का सिर

मेरठ। मुख्य संवाददाता। लिसाड़ी गेट में युवती की सिर कटी लाश केस का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया। वारदात हॉरर किलिंग की है। पिता ने ही बेटी का सिर काटकर हत्या की थी और लाश को नाले में फेंका था। पुलिस ने फिलहाल हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू और साइकिल बरामद कर ली है। कटे हुए सिर को माधवपुरम नाले के पास फेंका गया था, जिसकी तलाश में चार टीमों को लगाया गया है।

लक्खीपुरा गली-18 स्थित नाले में 12 अगस्त की सुबह एक युवती की सिर कटी लाश फलों की कैरट में मिली थी। इस केस के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की पांच टीमों को लगाया गया था।

> प्रेम प्रसंग के विरोध पर पिता ने ही हत्या की है। आरोपी को पकड़ा गया है। साक्ष्य संकलन किए जा रहे हैं। कटे हुए सिर को माधवपुरम नाले में फेंका गया था, जिसकी तलाश की जा रही है।
> **रोहित सिंह सजवाण,** एसएसपी मेरठ।

बुधवार को पूरे मामले में पुलिस ने शालीमार गार्डन निवासी शाहिद कुरैशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा किया कि बरामद लाश शाहिद की बेटी सानिया की है। छानबीन और पूछताछ के बाद पता चला कि सानिया का रिहान गार्डन निवासी वसीम से प्रेम प्रसंग था। छह माह तक दोनों साथ रहे थे। परिजन बाद में किसी तरह सानिया को घर ले आए थे। अब परिजन उसका दूसरी जगह निकाह करना चाहते थे।

बेटी से रेप के प्रयास पर मां ने युवक का गुप्तांग काटा

लखीमपुर खीरी। घर में घुसकर किशोरी से दुराचार का प्रयास करने पर किशोरी की मां ने युवक का गुप्तांग काट लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। इधर, महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दुराचार के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के कमलापुरी में रहने वाला युवक हरिशंकर बुधवार को लहूलुहान हालत में अस्पताल पहुंचा। उसने बताया कि एक महिला ने दो अन्य लोगों की मदद से उसके साथ मारपीट की और गुप्तांग पर चाकू से प्रहार कर जख्मी कर दिया। कुछ ही देर में महिला भी थाने पहुंची और बेटी से दुराचार के प्रयास का आरोप लगाते हुए हरिशंकर के खिलाफ तहरीर दी।

ज्ञानवापी केस के पैरोकार को आई पाकिस्तान से धमकी भरी कॉल

वाराणसी। ज्ञानवापी प्रकरण में एक महिला वादी के पैरोकार एवं पति डॉ. सोहनलाल आर्य ने पाकिस्तान के नंबर से धमकी भरे फोन आने की शिकायत की है। डॉ. आर्य के अनुसार धमकी भरे फोन 19 और 20 जुलाई को आए थे। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की। साथ ही इसकी जानकारी आईबी के अधिकारियों को भी दी है।

डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने बताया कि उनकी ओर से शिकायत और वॉयस रिकार्ड मिली है। धमकी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन होगी। सोहनलाल आर्य ने बताया कि यह मुकदमा वापस लेने के लिए एक साजिश है। इसके पहले भी 19 और 20 मार्च को पाकिस्तान के नंबर से धमकी भरा फोन आया था। अब 19 और 20 जुलाई फिर वैसा ही फोन किया गया। जिस नंबर पर फोन किया गया, वह डॉ. सोहनलाल का है लेकिन उसका इस्तेमाल उनकी पत्नी एवं वादिनी लक्ष्मी देवी करती हैं। सोहनलाल ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया।

बताया कि बीते 16 अगस्त को वह पत्नी का मोबाइल लेकर देख रहे थे, तब पाकिस्तान के नंबर से फोन कॉल देख अवाक रह गये। डीसीपी ने सुरक्षा के बाबत बताया कि डॉ. सोहनला आर्य की सुरक्षा में पहले से दो-दो सिपाहियों को तीन शिफ्ट में लगाया गया है।

ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद विवाद की सुनवाई टली

प्रयागराज। ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद विवाद की सुनवाई मंदिर के अधिवक्ता के अस्वस्थ होने के कारण 30अगस्त के लिए टल गई है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद वाराणसी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से वाराणसी अधीनस्थ अदालत विवादित परिसर का सर्वे कराने व अन्य आदेशों को चुनौती दी गई है। याचिकाओं की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया कर रहे हैं।

बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म

संभल। नखासा थाना इलाके में सप्ताहभर पहले युवक किशोरी को अगवाकर ले गया। आरोपी ने किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने पीड़िता के साथ कुकर्म भी किया। पीड़िता के पिता ने बेटी को अगवाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस ने पीड़िता को बरामद करने के बाद बयां दर्ज कराए, तो पीड़िता ने आरोपी की हैवानियत बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को दस अगस्त को एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

एसपी से मिले अब्दुल्ला आजम, बोले रद करें केस

आरोपों का खंडन

रामपुर,संवाददाता। गवाहों को धमकाने के मामले में शहर विधायक आजम खां पर मुकदमा दर्ज होने के बाद सपाई एक्टिव हो गए। आजम खां के स्वार टांडा विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम ने एसपी से मुलाकात कर आरोपों का खंडन किया साथ ही एफआईआर को निरस्त करने की मांग की।

सपा के शहर विधायक आजम खां के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। इस मुकदमे की जानकारी मिलने के बाद आजम खां के स्वार टांडा विधायक अब्दुल्ला आजम अपने समर्थकों के साथ एसपी से मिलने पहुंच गए। उन्होंने एसपी से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा,जिसमें उन्होंने आजम खां के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जिक्र किया कि आजम खां कानून का पूरी गंभीरता से पालन कर रहे हैं। उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है।

ऐसे में उनके खिलाफ मनगढ़त आरोप लगाए जा रहे हैं जो कि पूरी तरह गलत है। गवाहों को धमकाने के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने एसपी से इस मुकदमे को निरस्त करने की मांग की है।

डीएलएड की 1.60 लाख सीटें खाली

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। डीएलएड (बीटीसी) प्रशिक्षण 2022 सत्र में 1.60 लाख से अधिक सीटें खाली रह गईं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय की ओर से बुधवार को सीटों का अंतिम आवंटन जारी कर दिया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) की 10600 और निजी कॉलेजों की 206000 कुल 216600 सीटों पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी को प्रवेश देना था।

प्रवेश के लिए 170107 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 60907 अभ्यर्थियों ने कॉलेजों का विकल्प भरा था। लेकिन 55677 को ही कॉलेज आवंटित हो सका। शेष 1,60,923 सीटें खाली रह गईं।

जनता में खौफ पैदा कर शासन कर रही भाजपा : राकेश टिकैत

बोला हमला

रामपुर, संवाददाता। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बुधवार को कहा कि भाजपा बंदूक दिखाकर शासन कर रही है। सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि लोगों में दहशत फैलाना है। किसान हित में उनका आंदोलन जारी रहेगा।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुधवार को लखीमपुर जाते समय यूनियन के कार्यालय पर कुछ देर के लिए रुके। उनके पहुंचने से पहले काफी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हो गए थे। उन्होंने जिलाध्यक्ष हसीब अहमद से लखीमपुर जाने के लिए तैयार रहने के लिए कहा। इस दौरान राकेश टिकैत मीडिया से भी मुखातिब हुए। उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा तो बंदूक दिखाकर शासन कर रही है। किसानों की समस्याओं से कुछ लेना-देना नहीं, बल्कि भाजपा का मकसद दहशत फैलाना है।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 2024 के चुनाव में भी जनता भाजपा को वोट नहीं देगी, लेकिन बंदूक दिखाकर जनता से वोट हासिल किया जाएगा। हारे प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट मिलेगा। ऐसा पिछले चुनाव में हो चुका है।

अमरोहा के युवक की रोहतक में फावड़े से काटकर हत्या

अमरोहा, संवाददाता। अमरोहा से तीर्थयात्रा पर राजस्थान के बागड़ गए युवक की मंगलवार की रात में हरियाणा के रोहतक में एक ढाबे पर फावड़े से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपियों ने पहले युवक से 15 हजार रुपये की नकदी लूटी और फिर विरोध जताने पर मौत के घाट उतार दिया।

खुद को घिरता देख आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी पर अमरोहा से युवक के परिजन भी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम तक शव के घर पहुंचने की उम्मीद है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मेहम्मदी सराय में इमरत सिंह का परिवार रहता है। उनका 32 वर्षीय छोटा बेटा मनोज कुमार पेशे से बाइक मकैनिक था।

मनोज(फाइल फोटो)

चार आईएएस और छह पीसीएस के तबादले

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार ने चार आईएएस और छह पीसीएस अफसरों के तबादले बुधवार को किए हैं। उपाध्यक्ष बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण निशा को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया है।

बताया जा रहा है कि आईएएस अफसरों में निशा, डा. सरोज कुमार और ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को नाराजगी के चलते हटाया गया है। चंद्र प्रकाश सिंह डीएम बुलंदशहर को वर्तमान पद के साथ बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डा. सरोज कुमार को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन भेजा गया है। ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग से विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग भेजा गया है।

पीसीएस अधिकारियों में बिपिन कुमार मिश्रा एडीएम (वि/रा) लखनऊ को यहीं पर एडीएम (प्रशासन) बनाया गया है।

चार साल बाद डीएम सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी में चार साल बाद एक बार फिर डीएम सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इसकी समीक्षा करें और देखें कि कितना सर्किल रेट बढ़ाया जा सकता है। जहां जरूरी हो वहां बढ़ाया जाएगा और जहां जरूरी न हो वहां इसे नहीं बढ़ाया जाए।

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले चार सालों से इसमें किसी तरह की कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसलिए इस पर देखा जाए कि क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाना है। इस पर भी काम शुरू किया जाए। कैबिनेट ने ईको-पर्यटन विकास बोर्ड का गठन और विनियम को मंजूरी दी है। बोर्ड द्वारा वन क्षेत्र में बफर जोन के बाहर पर्यटकों के लिए तमाम सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। सभी जिलों में फुटफाल को बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी दफ्तरों, स्कूल और कॉलेज में सुरक्षा डोज लगाने के अभियान में तेजी लाई जाए।

इस दौरान सहारनपुर के मंडलायुक्त ने एटीएफ (एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी) सेंटर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के किनारे के गांव स्मैक प्रभावित हैं।

डिजिटलीकरण पर ध्यान देने के निर्देश

लखनऊ। शासकीय कामकाज में पारदर्शी व्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को यह निर्देश दिया। वह मानव संपदा पोर्टल पर अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवा संबंधी विवरण अपलोड कराकर सत्यापन कराने संबंधी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
बी–27, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ– 226008
ई0मेल– lucknow@cipet.gov.in फोन नं0– 7607194015

Advt. No. CIPET/IPT/LKO/Trg./2022-23/10 Date 18.08.2022

सिपेट के उम्मीदवारो को विशेष अनुपूरक परीक्षा (2014 और 2016 पाठ्यक्रम)

सितम्बर 2022 के दौरान डिप्लोमा स्तर के क्रार्यक्रमों में पूरक परीक्षा में बैठने के लिए अंतिम अवसर

सिपेट उन छात्रों के लाभ के लिए विशेष अभियान अनुपूरक परीक्षा आयोजित कर रहा है जो पीजीडी–पीपीटी,पीजीडी– पीटीक्यूएम, पीटीक्यूसी, पीडी–पीएमडी, सी0ए0डी0/सी0ए0एम0, डी0पी0एम0टी0,डी0पी0टी0 में अपने पाठ्यक्रम बकाया विषयों को पूरा नहीं कर पाए हैं। ऐसे छात्र जो शैक्षणिक वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 और 2017–18 (2014 और 2016 पैटर्न का पाठ्यक्रम) में पाठन पठन कर रहे थे उनके लिए यह अंतिम और विशेष मौका है और इसके बाद कोई मौका नहीं दिया जाएगा। अनुपूरक परीक्षा सितंबर 2022 में आयोजित की जाएगी। पूरक परीक्षा का शेड्यूल सिपेट की **वेबसाइट www.cipet.gov.in** पर होस्ट किया गया है। उम्मीदवारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे इस शेड्यूल के अनुसार देश भर में स्थित सिपेट केंद्रों के अपने निकटतम स्थान पर आवश्यक पूरक परीक्षा शुल्क का अग्रिम भुगतान करके पूरक परीक्षाओं में शामिल हों।

फूड–क्रफ्ट इंस्टीट्यूट, अलीगढ़
उ.प्र. पर्यटन विभाग के अधीन एक स्वायत्त संस्था
यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक परिसर, ए.एम.यू. अलीगढ़
मो.न. 8868905785, 8006001236 & 7895846714

प्रवेश सूचना(नेशनल तथा राज्य स्तरीय स्कालरशिप उपलब्ध पात्रता की शर्तों के अधीन)
नेशनल काउंसिलऑफहोटल मैनेजमेंट& कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा से सम्बद्ध*विभिन्न रोज़गारपरक डिप्लोमा/सर्टिफिकेट एवं पी.जी.डिप्लोमा कोर्सों में **सत्र 2022-23के लिएआवेदन-पत्र 31 अगस्त, 2022 तक आमंत्रित हैं|**

क्रंसं	पाठ्यक्रम	अर्हता/ अवधि	आयु सीमा
1	*डिप्लोमा इन फ़ूड प्रोडक्शन, बेकरी &कन्फेक्शनरी, फ़ूड &बेवेरेज सर्विस, हाउसकीपिंग&फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन	इंटरमीडिएट/समकक्ष 1वर्ष/6माह की ट्रेनिंग	आयु सीमा 25 वर्ष, SC/ST को 3 वर्ष की छूट
2	*सर्टिफिकेट कोर्स इन फ़ूड &बेवरेज सर्विस	हाई-स्कूल/समकक्ष6माह/3 माह की ट्रेनिंग	आयु सीमा 25 वर्ष, SC/ST को 3 वर्ष कीछूट
3	पी.जी.डिप्लोमा इन एकोमोडेशन ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट& डायटेटिक्स &हॉस्पिटल फ़ूड सर्विस	स्नातक (आर्ट कॉमर्स,साइंस)1वर्ष/6 माह की ट्रेनिंग	आयु सीमा 35 वर्ष, SC/ST को 3 वर्ष की छूट

नोट:अभ्यर्थीउक्त तिथि तकसंस्थान आकर या ऑनलाइन द्वारा सीधेप्रवेशले सकते हैं|अधिक जानकारी हेतुwww.foodcraftaligarh.comपरविजिटकरें/दिए गए मो.न. परसंपर्क करें| सचिव/प्राचार्य

इनसिल्को लिमिटेड
(25–06–2021 की प्रभावी तिथि से स्वैच्छिक परिसमापनाधीन)
सीआईएन : L34102UP1988PLC010141
पंजी. कार्यालय : ए-5, यूपीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, भारतीयग्राम, गजरौला, जिला- अमरोहा, यू.पी. – 244223
फोन : 09837923893, फैक्स : (05924) 252348, ईमेल आईडी : insilco2@gmail.com, वेबसाइट : www.insilcoindia.com

34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) हेतु सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

कम्पनी की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021 तथा 02/2022 क्रमानुसार दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021 तथा 5 मई, 2022 (**"एमसीए सर्कुलर्स"**) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी /2021/11 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021 तथा 13 मई, 2022 (**"सेबी सर्कुलर्स"**) के अनुपालन में **बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 को अप. 02.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी,** जिसमें एजीएम के आयोजन की सूचना में सूचीबद्ध कार्य निष्पादित किए जाएंगे।

1. एमसीए तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, सूचना, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेजों सहित, केवल ई–मेल द्वारा कम्पनी के उन सदस्यों को, इलेक्ट्रॉनिक विधि से, भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट के पास पंजीबद्ध है और जिनकी ई–मेल कम्पनी अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स (**"डिपॉजिटरी"**) के पास पंजीबद्ध है। कम्पनी अपने सदस्यों को उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम (**"रिमोट ई–वोटिंग"**) का उपयोग करते हुए रिम